


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–18 वृहस्पतिवार, दिनांक–27 मार्च, 2025 ई०।

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वा० से 12:58 अप0 तक**

**[1] प्रश्नकाल :–**

(i) 23 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 08 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(iii) 80 तारांकित प्रश्न अनागत।

**[2] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–**

(i) बिहार सरकार के माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा–25(4) के आलोक में राज्य सूचना आयोग के वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 की वार्षिक प्रतिवेदन की एक–एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया।

(ii) बिहार सरकार के माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 166 के तहत् अधिसूचना संख्या–एस०ओ०–50, 51, 52, 53, 54, 55, 55 एवं 57 दिनांक–16.01.2025 तथा एस०ओ०–500, 501, 502, 503, 504, 505, एवं 506, दिनांक–13.12.2024 की एक–एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया। यह तीस दिनों तक सदन पटल पर रखी रहेगी।

(iii) बिहार सरकार के माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार उपचर्या शिक्षण संवर्ग नियमावली, 2024 एवं बिहार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (ऑवजीलियरी नर्स मिडवाईफ) संवर्ग नियमावली, 2025 की एक–एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया।

(iv) नगर विकास एवं आवास विभाग के माननीय मंत्री, श्री जिवेश कुमार द्वारा बिहार नगर प्रबंधक संवर्ग (नियुक्ति एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2024; बिहार नगर प्रबंधक संवर्ग (नियुक्त एवं सेवा शर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2024; बिहार नगर कल्याण एवं निबंधन संवर्ग नियमावली, 2021; बिहार नगरपालिका राजस्व एवं लेखा संवर्ग नियमावली, 2021 एवं बिहार नगरपालिका लिपिकीय संवर्ग नियमावली, 2021 की एक–एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया।

(v) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के माननीय मंत्री, श्री संजय सरावगी द्वारा बिहार राजस्व कर्मचारी संवर्ग नियमावली, 2011; बिहार राजस्व कर्मचारी संवर्ग (संशोधन) नियमावली, 2013; बिहार राजस्व कर्मचारी संवर्ग (संशोधन) नियमावली, 2023; बिहार अमीन संवर्ग नियमावली–2013; बिहार अमीन संवर्ग (संशोधन) नियमावली–2016 एवं बिहार अमीन संवर्ग (संशोधन) नियमावली, 2017 की एक–एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया।

**[3] याचिकाओं का उपस्थापन :–**

प्रभारी सभा सचिव द्वारा 311 याचिकाओं का उपस्थापन सदन में किया गया।

**[4] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

आज सदन में पाँच कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना निम्न सभासदों से प्राप्त हुई :–

(i) माननीय सदस्य, डॉ० रामानुज प्रसाद द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

(ii) माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम, श्री महा नंद सिंह, श्री सत्यदेव राम, श्री संदीप सौरभ, श्री अजीत कुमार सिंह, श्री रामबली सिंह यादव, श्री अमरजीत कुशवाहा एवं श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

(iii) माननीय सदस्य, श्री रणविजय साहू , श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन, श्री चन्द्र शेखर, श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, श्रीमती मंजु अग्रवाल, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री मोहम्मद अनजार नईमी, श्री राजवंशी महतो, श्री विनय कुमार, श्री मोहम्मद इसराईल मंसूरी, श्री छत्रपति यादव एवं श्री छोटे लाल राय द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

(iv) माननीय सदस्य श्रीमती प्रतिमा कुमारी, श्री राम विशुन सिंह एवं श्रीमती नीतू कुमारी द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

(v) माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

**[5] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :–

(i) श्री पवन कुमार जायसवाल
(ii) श्री आलोक रंजन
(iii) श्री सुनील मणि तिवारी
(iv) श्री ललन कुमार
(v) श्री अशोक कुमार सिंह
(vi) श्री अजय कुमार
(vii) श्री जय प्रकाश यादव
(viii) श्री प्रमोद कुमार सिन्हा
(ix) श्री महा नंद सिंह
(x) श्री बीरेन्द्र कुमार
(xi) श्री छोटे लाल राय
(xii) श्री समीर कुमार महासेठ
(xiii) श्री राजवंशी महतो
(xiv) श्री रामबली सिंह यादव
(xv) श्रीमती मंजु अग्रवाल
(xvi) श्री राम रतन सिंह
(xvii) श्रीमती निशा सिंह
(xviii) श्रीमति कविता देवी
(xix) श्री अमरजीत कुशवाहा
(xx) श्री विनय कुमार
(xxi) श्री इजहारूल हुसैन
(xxii) श्री मोहम्मद इसराईल मंसूरी
(xxiii) श्री संदीप सौरभ
(xxiv) श्री मोहम्मद अनजार नईमी
(xxv) श्रीमती गायत्री देवी
(xxvi) श्री रामवृक्ष सदा
(xxvii) सुश्री श्रेयसी सिंह
(xxviii) श्रीमती शालिनी मिश्रा
(xxix) श्री विनय बिहारी
(xxx) श्री अजीत कुमार सिंह
(xxxi) श्री सत्यदेव राम
(xxxii) श्री प्रणव कुमार
(xxxiii) श्रीमती प्रतिमा कुमारी
(xxxiv) श्री पवन कुमार यादव
(xxxv) श्री रणविजय साहू
(xxxvi) श्री अखतरूल ईमान
(xxxvii) श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता
(xxxviii) श्रीमती रश्मि वर्मा
(xxxix) श्री राम विशुन सिंह
(xl) डॉ० रामानुज प्रसाद
(xli) श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव
(xlii) श्री चन्द्रशेखर
(xliii) श्री भरत बिन्द
(xliv) श्री मिश्री लाल यादव
(xlv) श्री महबूब आलम
(xlvi) श्री छत्रपति यादव

| | |
|---|---|
| (xlvii) श्री मुकेश कुमार यादव | (l) श्री विजय सिंह |
| (xlviii) श्री चेतन आनंद | (li) श्री संजय कुमार सिंह |
| (xlix) श्रीमती नीतु कुमारी | (lii) श्री विशाल प्रशांत |

**[6] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल" एवं श्री सुधांशु शेखर का पंचायती राज विभाग से संबंधित तथा दिनांक–17 एवं 25 मार्च, 2025 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के संबंध में माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा सदन को सूचित किया गया कि उन्हें अपने ध्यानाकर्षण सूचना का लिखित उत्तर प्राप्त हो गया है।

(ii) माननीय सदस्य, श्री भाई वीरेन्द्र, श्री मुकेश कुमार रौशन एवं अन्य तीन सभासदों का खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित तथा दिनांक–19, 21 एवं 25 मार्च, 2025 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर बिहार सरकार के माननीय मंत्री, श्री प्रेम कुमार द्वारा दिया गया।

(iii) माननीय सदस्य, श्री सत्यदेव राम, श्री सतीश कुमार एवं अन्य सात सभासदों का वित्त विभाग से संबंधित तथा दिनांक–19 मार्च, 2025 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर बिहार सरकार के माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा दिया गया।

(iv) माननीय सदस्य, श्री मनोहर प्रसाद सिंह का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित तथा दिनांक 24 मार्च, 2025 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री संजय सरावगी द्वारा दिया गया।

(v) माननीय सदस्य श्री विजय कुमार खेमका का श्रम संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ठ।

(vi) माननीय सदस्या, श्रीमती शालिनी मिश्रा एवं माननीय सदस्य श्री सुधांशु शेखर का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्या, श्रीमती शालिनी मिश्रा द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

ध्यानाकर्षण सूचना के दौरान सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए। आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया। परन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गए।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक)

[ इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ]

**[7] गैर सरकारी संकल्पः–**

आसन द्वारा घोषणा की गई कि कल दिनांक 26.03.2025 को संसूचित 144 गैर सरकारी संकल्प में से 126 का निस्तारण हो सका था। आज दिनांक 27.03.2025 को सर्वप्रथम क्रमांक 127 से शेष गैर सरकारी संकल्प लिए जायेंगे। वैसे माननीय सदस्यगण जो कल अपने गैर सरकारी संकल्प को उपस्थापित नहीं कर पाये थे उन्हे आज मौका दिया जायेगा।

तदुपरान्त आज दिनांक 27.03.2025 के संसूचित 127 गैर सरकारी संकल्प को बारी–बारी से लिया जायेगा।

**दिनांक 26.03.2025 के शेष गैर सरकारी संकल्प :–**

(i) 03 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत।

(ii) 02 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत।

(iii) 13 गैर सरकारी संकल्प वापस।

(iv) 13 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ।

(v) 01 गैर सरकारी संकल्प अनागत।

**आसन की सूचना :–**

आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों को सूचना दी गयी कि वर्तमान बजट सत्र में प्रश्नों के निष्पादन सहित अन्य विधायी कार्य NeVA Portal के माध्यम से सम्पादित किया गया है। वर्तमान सत्र में ऑफलाइन के अपेक्षा ऑनलाइन माध्यम से माननीय सदस्यों द्वारा अधिक प्रश्न भेजे गये हैं और विभाग द्वारा भी प्रश्नों का उत्तर Portal के माध्यम से भेजा गया है। यह टेकोलॉजी के प्रति माननीय सदस्यों के उत्साह को दर्शाता है। National eVidhan Pariyojna (NeVA) अन्तर्गत सदन के सभी माननीय सदस्यों के लिए Tablet की व्यवस्था की गई है। आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वंय उक्त Tablet को सभा सचिवालय के वितरण पटल से प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

**दिनांक 27.03.2025 के गैर सरकारी संकल्प :–**

(i) 11 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत।

(ii) 03 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत।

(iii) 93 गैर सरकारी संकल्प वापस।

(iv) 19 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ।

(v) 01 गैर सरकारी संकल्प अनागत।

गैर सरकारी संकल्प संख्या–81 के निस्तारण के पश्चात् आसन द्वारा सदन की सहमति से सदन की अवधि 05:00 बजे अप0 तक विस्तारित करने की घोषणा की गयी।

गैर सरकारी संकल्प संख्या–73 के निस्तारण के दौरान माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

गैर सरकारी संकल्प संख्या–87 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

**[8] शोक प्रकाश :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गईः–

(i) स्व० ओम प्रकाश पासवान, पूर्व स०वि०स०

(ii) स्व० उदय कांत चौधरी, पूर्व स०वि०प०

(iii) स्व० चितरंजन कुमार, पूर्व स०वि०स०

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास शोक संदेश भेज दिये जायेंगे ।

**[9] समापन भाषण :–**

यथा संलग्न।

तत्पश्चात् बिहार गीत के उपरान्त सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–27.03.2025

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।